## HINDI

*(Second Language)*
*(Three Hours)*

***Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first **15** minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

*This paper comprises of two Sections : **Section A** and **Section B.***

*Attempt **all** the questions from **Section A.***

*Attempt **four** questions from **Section B**, answering at least **one** question each from **two** books you have studied and **any two** other questions from the same books you have compulsorily chosen.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

### SECTION A (40 Marks)

*Attempt **all** questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :— [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी** में लगभग **250** शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :—

**(i)** जीवन में खेलकूद मनोरंजन प्रदान करने के साथ-साथ सुख समृद्धि भी देते हैं। विद्यार्थी जीवन में इसकी उपयोगिता बहुत अधिक है। अपने किसी प्रिय खेल का वर्णन करें तथा यह खेल भविष्य में आपको कैसे लाभान्वित कर सकता है, एक निबंध में अपनी भविष्य की योजनाएं भी बताइए।

**(ii)** सादा जीवन उच्च विचार ही मनुष्य के जीवन को अनुकरणीय और महान बनाते हैं। किसी महान व्यक्ति के अच्छे गुणों का वर्णन कीजिए जिन्हें आप अपने जीवन में सबसे अच्छा मानते हैं, वह आपके गुरु, मातापिता, या कोई महान व्यक्ति हो सकता है।

**(iii)** 'स्वच्छता अभियान में सरकारी तंत्र की अपेक्षा नागरिकों की जागरूकता अधिक प्रभावपूर्ण मानी जाती है' जनता के सहयोग से ही देश स्वच्छ सुन्दर बन सकता हैं, आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ? स्पष्ट करें।

**(iv)** एक ऐसी मौलिक कहानी लिखो, जिसके अंत में आपके विचार से यह स्पष्ट हो कि 'बिना विचारे जो करे सो पाछे पछताए।'


© *Copyright reserved.*

Previous Pathshala

**(v)** नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिये।



Previous Pathshala

**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below :— [7]

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी** में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए :—

**(i)** "आप अपने परिवार के साथ किसी सुन्दर शहर की यात्रा करके आए हैं आपने वहाँ क्या-क्या देखा ? वह शहर इतना प्रसिद्ध क्यों है ? अपने मित्र को पत्र लिखकर वर्णन करें।"

**(ii)** आपके क्षेत्र में मलेरिया तथा डेंगू का प्रकोप बढ़ गया है। इसकी रोकथाम के लिए नगर-निगम के अध्यक्ष को एक पत्र लिखिए।



Previous Pathshala

## Question 3

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

जापान के विरूद्ध दूसरे विश्व महायुद्ध में अमेरिका ने अणुबम का प्रयोग किया। सन् 1945 की गर्मियों में जापान खंडहरों का देश बन गया। लाखों आदमी मर गए थे। चालीस प्रतिशत नगर नष्ट हो गए थे। शहर की आबादी आधी रह गई थी। भूखा जापान-चिथड़ों में लिपटी जनता दीन-हीन, स्तब्ध, हैरान और क्षत-विक्षत हो गई थी। जापान में न कोयला होता है, न लोहा, न तेल और न ही यूरेनियम। बस थोड़ी सी कृषि योग्य भूमि। इस पराजय, दु:ख और विनाश के बावजूद भी जापान फिर खड़ा हो गया। यह दुनिया का सबसे ज्यादा विकसित और औद्योगिक राष्ट्र बन गया। यह चमत्कार कैसे हुआ ? जापान की समृद्धि और प्रगति के लिए संभवत: राष्ट्रीय गुणों को टटोलना होगा, जो कि वहाँ की जनता की स्वाभाविक खूबियों और चरित्र से मिलता है।

जापान की पराजय के पश्चात् एक अमेरिकी व्यापारिक संस्था ने अपनी शाखा जापान में खोली। उसने शाखा में सभी कर्मचारी जापानी रखे। अमेरिकी नियम के अनुसार जापान में सप्ताह में पाँच दिन काम करने का निश्चय किया गया। दो दिन शनिवार और रविवार की छुट्टी रखी गई। उसने सोचा था कि उसकी उदारता का जापानी कर्मचारी और कारीगर स्वागत करेंगे लेकिन यह देखकर संस्था के व्यवस्थापक को आश्चर्य हुआ कि जापानी कर्मचारी इस व्यवस्था का सामूहिक विरोध कर रहे थे। उसने कर्मचारियों को बुलाया और उसका कारण पूछा।

जापानी कर्मचारी एक आवाज़ में बोले, — "हमें कष्ट है। हम दो दिन खाली नहीं रहना चाहते। हमारे लिए सप्ताह में सिर्फ एक दिन का ही अवकाश काफी है। ज्यादा आराम से हम प्रसन्न नहीं होंगे। इससे हम आलसी बन जाएँगे, मेहनत के काम में हमारा दिल नहीं लगेगा, हमारा स्वास्थ्य गिरेगा। हमारा राष्ट्रीय चरित्र गिरेगा। अवकाश की वजह से हम व्यर्थ ही घूमेंगे-फिरेंगे, हम फिजूलखर्ची बनेंगे। जो छुट्टी हमारी सेहत बिगाड़े तथा आदत खराब करें, आर्थिक स्थिति ख़राब करें, हमें ऐसा अवकाश नहीं चाहिए।"



Previous Pathshala

अमेरिकी व्यवस्थापक ने अपनी टोपी सिर से नीचे उतारी। उसने जापानी कारीगरों का अभिवादन करते हुए कहा — "आप जापानी भाइयों की समृद्धि और सफलता का रहस्य आपका परिश्रम और लगन है। आप कभी भी बीमार तथा गरीब नहीं रह सकते।

**(i)** जापान में विनाशकारी दुर्घटना कब और कैसे हुई ? उसका क्या परिणाम हुआ ? [2]

**(ii)** उस देश के पास अपने प्राकृतिक संसाधन क्या हैं ? वह पुन: विकसित और समृद्ध राष्ट्र कैसे बना ? [2]

**(iii)** व्यापार की दृष्टि से जापान में कौन आया ? उसके आश्चर्य-चकित होने का क्या कारण था ? [2]

**(iv)** जापानी कर्मचारी उस व्यापारिक संस्था का विरोध क्यों कर रहे थे ? उन्होंने व्यवस्थापक से क्या कहा ? [2]

**(v)** व्यवस्थापक पर कर्मचारियों की बात का क्या प्रभाव पड़ा ? उसने उनसे क्या कहा ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :—
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :—

**(i)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के विलोम लिखिए :—

सेवक, बुद्धिमान, न्याय, स्वदेश। [1]

**(ii)** निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :—

कपड़ा, भाग्य, सुगन्ध। [1]

**(iii)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों से विशेषण बनाइए :—

भारत, आदर, पीड़ा, डर। [1]

**(iv)** निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिये :—

राछस, क्योकी, आदरनिय, कार्यकर्म। [1]

**(v)** निम्नलिखित मुहावरों में से किसी **एक** की सहायता से वाक्य बनाइए :—

दाँत पीसना, घुटने टेकना, ज़मीन ताकना। [1]



Previous Pathshala

**(vi)** कोष्ठक में दिए गए वाक्यों में निर्देशानुसार परिवर्तन कीजिए :—

**(a)** रमेश ईश्वर में बहुत विश्वास रखता है।

(रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द का प्रयोग करके वाक्य पुन: लिखिए।) [1]

**(b)** जज ने अपराधी को सजा सुनाई।

('द्वारा' शब्द का प्रयोग करके वाक्य पुन: लिखिए।) [1]

**(c)** छात्र यात्रा पर जा रहे हैं। (भविष्यकाल में बदलिए।) [1]

## SECTION B (40 Marks)

*Questions from only **two** of the following textbooks are to be answered.*

*Attempt **four** questions from this Section.*

*You must answer at least **one** question from each of the **two** books, you have studied and any **two** other questions from the same books that you have chosen.*

## साहित्य सागर-संक्षिप्त कहानियाँ

**(Sahitya Sagar–Short Stories)**

### Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

एक दुखिया स्त्री तुमको अपनी सहायता के लिए बुला रही है। जाओ, उसकी सहायता करके लौट आओ। तुम्हारा सामान यहीं रहेगा। तुमको अभी यहीं रहना होगा। समझे! अभी तुमको मेरी संरक्षता की आवश्यकता है। उठो, नहा-धो लो। जो ट्रेन मिले, उससे पटना जाकर ब्रजकिशोर की चालाकियों से मनोरमा की रक्षा करो और फिर मेरे यहाँ चले आना। यह सब तुम्हारा भ्रम था। संदेह था।

**['संदेह'—जयशंकर प्रसाद]**

**['Sandeh'—Jaishankar Prasad]**

**(i)** प्रस्तुत कथन के वक्ता और श्रोता कौन हैं ? उनका परिचय दीजिए। [2]

**(ii)** वक्ता ने यह कथन कब और क्यों कहा ? [2]

**(iii)** मनोरमा कौन थी ? उसे रक्षा की आवश्यकता क्यों थी ? उसने किसे सहायता के लिए बुलाया। [3]

**(iv)** 'संदेह' का क्या अर्थ है ? इस कहानी का नाम 'संदेह' क्यों रखा गया है ? समझाकर लिखिए। इस कहानी में कौन-कौन किस-किस पर कैसे संदेह करता हैं। [3]



Previous Pathshala

## Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

रमजान ने ठंडी साँस भरी। उसने रसीला को ठहरने का संकेत किया और आप कोठरी में चला गया। थोड़ी देर बाद उसने कुछ रूपये रसीला की हथेली पर रख दिए। रसीला के मुँह से एक शब्द भी न निकला। सोचने लगा "बाबू साहब की मैंने इतनी सेवा की पर दुख में उन्होंने साथ न दिया। रमजान को देखो गरीब है, परंतु आदमी नहीं देवता है। ईश्वर उसका भला करें।"

**['बात अठन्नी की'—सुदर्शन]**

**['Baat Atthanni Ki'—Sudarshan]**

**(i)** रमजान कौन है ? उसका परिचय दीजिए। [2]

**(ii)** रसीला और रमजान किस-किस के यहाँ काम करते थे ? उन दोनों में क्या समानता थी ? [2]

**(iii)** रसीला ने रमजान को देवता क्यों कहा है ? समझाकर लिखिए। [3]

**(iv)** कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए। [3]

## Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

उनका 'हृदय' परिवर्तन हो गया है। वे आज सात दिनों से घास खा रहे हैं। रात-दिन भगवान के भजन और परोपकार में लगे रहते हैं। उन्होंने अपना जीवन जीव-मात्र की सेवा में अर्पित कर दिया है। अब वे किसी का दिल नहीं दुखाते। किसी का रोम तक नहीं छूते।

**['भेड़ें और भेड़िए'—हरिशंकर परसाई]**

**['Bheden Aur Bhediyen'—Harishankar Parsai]**

**(i)** प्रस्तुत कथन किसने, किससे और क्यों कहा ? स्पष्ट कीजिए। [2]

**(ii)** वक्ता ने किसके 'हृदय परिवर्तन' की बात कही ? उसने उसके बारे में क्या-क्या कहा ? [2]

**(iii)** वक्ता का चरित्र-चित्रण कीजिए। वह चुनावी सभा में किसे जिताना चाहता था और कैसे ? [3]

**(iv)** चुनाव का क्या परिणाम हुआ ? इस कहानी के माध्यम से लेखक क्या स्पष्ट करना चाहते हैं ? चुनाव जीतने वाले ने सबसे पहला क्या नियम बनाया और इस नियम से किसका अधिक लाभ हुआ ? [3]



Previous Pathshala

## साहित्य सागर – पद्य भाग

## (Sahitya Sagar–Poems)

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

जाके प्रिय न राम वैदेही।
तजिए ताहि कोटि वैरी सम जदपि परम सनेही।।
तज्यो पिता प्रह्लाद, विभीषण वन्धु, भरत महतारी।
बलि गुरु तज्यो, कन्त ब्रज बनितह्नि, भए मुद मंगलकारी।।
नाते नेह राम के मनियत, सुहृद, सुसेव्य जहाँ लौं।
अंजन कहा आँख जेहि फूटै, बहू तक कहौं कहाँ लौं।।

**['विनय के पद'—तुलसीदास]**

**['Vinay Ke Pad'—Tulsidas]**

**(i)** 'तजिए ताहि कोटि वैरी सम' से कवि क्या कहना चाहता है ? स्पष्ट कीजिए। [2]

**(ii)** राम की भक्ति में किन-किन लोगों ने किनका त्याग किया है ? [2]

**(iii)** 'अंजन कहा आँख जेहि फूटै, बहु तक कहौं कहाँ लौं।' पंक्ति की व्याख्या कीजिए। [3]

**(iv)** कवि तुलसी के इष्टप्रभु का नाम बताइए। उनकी भाषा और भक्तिभावना का परिचय दीजिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

उसे भी आती होगी याद ?
उसे हाँ आती होगी याद।
नहीं तो रूठूँगी मैं आज
सुनाऊँगी उसको फरियाद।।



Previous Pathshala

कलेजा माँ का, मैं संतान,
करेगी दोषों पर अभिमान।
मातृ वेदी पर हुई पुकार,
चढ़ा दो मुझको, हे भगवान

**[मातृ मंदिर की ओर—सुभद्राकुमारी चौहान]**

**[Matri Mandir Ki Or—Subhadra Kumari Chauhan]**

**(i)** कवयित्री किससे और क्या फरियाद करना चाहती है ? [2]

**(ii)** 'माँ का कलेजा' किस प्रकार का होता है ? वह अपनी संतान के साथ किस प्रकार का व्यवहार करती है? [2]

**(iii)** 'मातृ-वेदी पर हुई पुकार' इस पंक्ति का आश्य स्पष्ट करते हुए लिखिए कि कवयित्री क्या कहना चाहती हैं ? [3]

**(iv)** 'मातृ मन्दिर की ओर' कविता से क्या प्रेरणा मिलती है ? अपने शब्दों में लिखिए। [3]

## Question 10

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

पाहन पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूँ पहार।
ताते ये चाकी भली, पीस खाय संसार।।
सात समंद की मसि करौं, लेखनि सब बनराय।
सब धरती कागद करौं, हरि गुन लिखा न जाय।।

**['साखी'— कबीरदास]**

**['Saakhi'—Kabirdas]**

**(i)** कबीरदास जी ने पहाड़ पूजने की बात क्यों कही है ? इस दोहे के माध्यम से वे हमें क्या सन्देश देना चाहते हैं ? मूर्ति पूजा के बारे में उनके क्या विचार थे ? [2]

**(ii)** उन्होंने चक्की की तुलना किससे की है ? वे उसे अच्छा क्यों मानते हैं ? [2]

**(iii)** उन्होंने 'स्याही' और 'लेखनी' किसे बनाने की बात कही है ? वे किस पर हरि कथा लिखना चाहते हैं ? [3]

**(iv)** 'हरि गुन लिखा न जाए' — इस कथन से उनका क्या आशय है ? समझाकर लिखिए। संत कबीर की भक्ति भावना की विशेषताएं बताइए और वह कैसे भगवान की पूजा करना चाहते थे ? [3]



Previous Pathshala

## नया रास्ता–सुषमा अग्रवाल

## (Naya Raasta–Sushma Agarwal)

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

मेहमानों का शानदार स्वागत किया गया। मीनू को देखने के लिए अमित, उसके पिता मायारामजी, माताजी व छोटी बहन मधु आये थे। उनके आतिथ्य में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी गयी थी। परिवार के हर सदस्य के हृदय में नया जोश व उमंग था, मानो उनके घर कोई देवता आ गये हो।

**(i)** मेहमान कौन हैं ? वे कहाँ और क्यों आए हैं ? [2]

**(ii)** किसके, हृदय में जोश और उमंग था ? क्यों ? [2]

**(iii)** मेहमानों के स्वागत के लिए क्या-क्या तैयारियाँ की गईं ? [3]

**(iv)** अमित और मीनू के बीच हुई बातचीत को संक्षेप में लिखिए। [3]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

धनीमल जी व मायाराम जी ने आपस में कुछ बातें की और सब वहाँ से उठकर चल दिए। अमित व सरिता को एकांत में बात करने का अवसर दिया गया। अमित ने सरिता से कुछ प्रश्न किए।

**(i)** धनीमल जी और मायाराम जी का परिचय देते हुए बताइए कि उनमें किस विषय पर बातचीत हो रही थी ? [2]

**(ii)** सरिता को देखकर अमित के मन में क्या विचार आए थे ? स्पष्ट कीजिए। [2]

**(iii)** अमित के माता-पिता उसका रिश्ता सरिता के साथ क्यों करना चाहते थे ? इस सम्बन्ध में उन्होंने क्या तर्क दिए ? [3]

**(iv)** अमित के चरित्र पर प्रकाश डालिए। [3]



Previous Pathshala

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

मीनू आज दुल्हन के रूप में कितनी सुन्दर लग रही थी, मीनू दुल्हन बनी, उसकी डोली सजी और अपने पिया संग ससुराल को चल दी।

**(i)** मीनू ने पहले शादी से क्यों मना कर दिया था ? [2]

**(ii)** मीनू अब शादी करने के लिए क्यों तैयार हो गई ? [2]

**(iii)** तब की मीनू और अब की मीनू में क्या अंतर है ? [3]

**(iv)** हमारे समाज में फैली 'दहेज की कुप्रथा' पर एक टिप्पणी लिखिए। [3]

## एकांकी संचय

## (Ekanki Sanchay)

**Question 14**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

"मिसरानी कह रही थी" बहू कैसी भी हो, पर अपने प्राण देकर उसने पति को बचा लिया है, अकेली थी, पर किसी के आगे हाथ पसारने नहीं गई।

**[संस्कार और भावना—विष्णु प्रभाकर]**

**[Sanskar Aur Bhavna—Vishnu Prabhakar]**

**(i)** 'बहू अकेली थी' ऐसा क्यों कहा गया है ? [2]

**(ii)** 'बहू की किन विशेषताओं ने सास को कुछ सोचने पर विवश कर दिया ? [2]

**(iii)** माँ का चरित्र-चित्रण कीजिए। [3]

**(iv)** समाज के लिए जातिवाद किस प्रकार अहितकर है ? [3]



Previous Pathshala

**Question 15**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

आत्मरक्षा का और कोई उपाय न देखकर महाबली सुयोधन द्वैत वन के सरोवर में घुस गए और उसके जल स्तंभ में छिपकर बैठे रहे। पर न जाने कैसे पांडवों को इसकी सूचना मिल गई और वे तत्काल रथ पर चढ़कर वहाँ पहुँच गए।

**[‘महाभारत की एक साँझ’—भारत भूषण अग्रवाल]**

**[‘Mahabharat Ki Ek Sanjh’—Bharat Bhushan Agarwal]**

**(i)** वक्ता, श्रोता कौन-कौन हैं ? दोनों में ये बातें कहाँ और किस संदर्भ में हो रही है ? [2]

**(ii)** द्वैत वन कहाँ स्थित है ? पांडव वहाँ क्यों पहुँचे ? [2]

**(iii)** सुयोधन किसे कहा गया है ? उसने आत्मरक्षा के लिए क्या उपाय किया ? क्या वह सफल हो पाया ? स्पष्ट कीजिए। [3]

**(iv)** महाभारत युद्ध किनके बीच हुआ था ? एकांकी के शीर्षक के औचित्य को समझाइए। [3]

**Question 16**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

मैं ही क्या, सारे नगर-निवासी यह त्योहार मना रहे हैं, नहीं मना रही हो तो तुम! धाय माँ तुम! पहाड़ बनने से क्या होगा ? राजमहल पर बोझ बनकर जाओगी, बोझ! और नदी बनो तो तुम्हारा बहता हुआ बोझ पत्थर भी अपने सिर पर धारण करेंगे, पत्थर भी!

**[‘दीपदान’—डॉ. रामकुमार वर्मा]**

**[‘Deepdan’—Dr. Ram Kumar Verma]**

**(i)** वक्ता का संक्षिप्त परिचय दीजिए। [2]

**(ii)** ‘पहाड़’ और ‘नदी’ से वक्ता का क्या तात्पर्य है ? वह श्रोता को क्या सुझाव देती है ? [2]

**(iii)** वक्ता के सुझाव पर श्रोता की क्या प्रतिक्रिया होती है ? समझाकर उत्तर लिखिए। [3]

**(iv)** श्रोता का चरित्र किस प्रकार प्रेरणादायक है ? एकांकी के आधार पर समझाइए। [3]



Previous Pathshala